चिन्तक

दुर्ग मंगलवार 4 जनवरी 2022

बारिश के बाद धान में नमी होने से उठाव ठप्प

कोरबा (चिन्तक)। धान खरीदी को एक माह पूरा हो गया है। जिले में 40132 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। अब तक 16 हजार 895 किसानों से छह लाख 90 हजार 552 क्विंटल धान खरीदी सहकारी समितियों हो चुकी है। 26 हजार किसान अभी भी धान बेचने नही पहुंचे हैं। हर रोज औसतन 40 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो रही। बारिश के बाद धान में नमी होने से उठाव ठप है। उपार्जन केंद्रों में धान रखने की जगह कम पड़ने लगी है। प्रतिदिन औसतन 40 हजार क्विंटल धान आवक से खरीदी के अंत तक संग्रहित धान 15 लाख क्विंटल से पार होने की संभावना बढ़ गई है।

मौसम खुलने के बाद धान खरीदी केंद्रो में किसानों की फिर से भीड़ बढ़ने लगी है। नियमित रूप से किसानों के टोकन कटने का काम फिर से शुरू हो गया है। अब तक छह लाख 90 हजार 552 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। इसमें से छह लाख 25 हजार 540 क्विंटल मोटा और 63 हजार 998 क्विंटल 40 किलो सरना और एक हजार 013 क्विंटल 60 किलो पतला धान शामिल है। कुल खरीदे गए धान में से 55

केंद्रों में धान रखने की जगह नहीं

फीसदी उठाव का दावा विपणन विभगा कर रहा हैए लेकिन डीओ कटने के बाद भी धान नहीं उठा है। उपर्जान केंद्रों में तीन लाख क्विंटल धान अब भी जाम है। जिला विपणन अधिकारी ने जाहनवी जिलहरे के अनुसार समितियों में धान की शेष मात्रा निर्धारित बफर लिमिट के आसपास ही है और लगातार डीओ कटने से मिलरों को तत्काल गाड़ियां लगवाकर धान उठाने के लिए कहा गया है। सोमवार को एक हजार 221 किसानों से होगी 51 हजार 054 क्विंटल धान की खरीदी सोमवार तीन जनवरी को एक हजार 221 किसानों को धान बेचने के लिए उपार्जन केंद्रों से टोकन जारी कर दिए गए हैं। 03 जनवरी को इन किसानों से 51 हजार 054 क्विंटल से अधिक धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि सहकारी समितियों में शासकीय अवकाश के दिनों को छोड़कर सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक धान की खरीदी की जा रही है। किसानों को रविवार से शुक्रवार तक सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक टोकन जारी किये जा रहे हैं। जिले के धान खरीदी केन्द्रों में कामन धान एक हजार 940 रूपये प्रति क्विंटल और ए ग्रेड धान एक हजार 960 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। इस बार किसानों से एक दिसंबर 2021 से 31 जनवरी तक नकद और लिकिंग में धान की खरीदी की जा रही है। प्रदेश के किसानों से अधिकतम 15 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा तक धान खरीदा जा रहा है।

राशन दुकानों में घटिया चांवल की आपूर्ति, जांच का विषय

कोरबा (चिन्तक)। शासकीय राशन दुकानों में अमान्य श्रेणी का चावल प्रदाय का मामला अनेक सवालों को जन्म दे रहा है। इस बीच जांच समिति ने छुरी और कोरबा गोदाम में 50 स्टेक चावल को मानक श्रेणी का सर्टिफिकेट दे दिया है। अब यहां से राशन दुकानों में घटिया चावल प्रदाय की शिकायत नहीं होगी।

पिछले दिनों शासकीय राशन दुकान में डिस्कलर (बगरी) और ब्रोकेन चावल वितरण की शिकायत मिली थी। कलेक्टर मती रानू साहू ने वेयर हाऊस में संग्रहित चावलों की जांच का निर्देश दिया था। कोरबा और छूरी के गोदामों में जांचकर 59 स्टेक में से 54 स्टेक मानक और 05 स्टेक अमानक श्रेणी का पाया गया। संबंधित राईस मिल मालिकों को 05 स्टेक चावल बदलकर देने का आदेश दिया गया है। इन गोदामों में अब अमानक चावल नहीं रह गया है। लिहाजा अब राशन दुकानों को अमानक चावल प्रदाय नहीं होगा। अगर भविष्य में ऐसी शिकायत मिलती है, तो या तो परिवहनकर्ता

या फिर राशन दुकानदार चावल की हेराफेरी के लिए जिम्मेदार माना जायेगा।

बहरहाल इस मामले के खुलासे के बाद एक बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि नान के गोदाम में अमानक श्रेणी का चावल आया कैसे? चावल जमा लेते समय फर्जीबाड़ा किया गया था अथवा जांच के समय फर्जीबाड़ा किया गया? ज्ञात हो कि कस्टम मिलिंग का चावल जमा करते समय नागरिक आपूर्ति निगम के क्वालिटी इंस्पेक्टर चावल की गुणवत्ता का परीक्षण करते हैं। इसके बाद ही गोदाम में चावल जमा होता है। प्रश्न यह है कि क्या क्वालिटी इस्पेक्टर अमानक श्रेणी के चावल को फर्जीबाड़ा कर जमा करा दिया था? और यदि जमा करते समय चावल मानक श्रेणी का था, तब वही क्वालिटी इस्पेक्टर अब जांच में चावल को अमानक श्रेणी कैसे बता रहा है? क्या चावल नान के गोदाम में रखे-रखे अमानक हो गया? अगर गोदाम में रखे-रखे अमानक हो गया, तो कोई राईस मिल मालिक इसके लिए जिम्मेदार कैसे हो सकता है?

घर से बाहर निकलने पर अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं, कोविड प्रोटोकाल का करें पालन

सार्वजनिक स्थानों, वार्ड, बस्तियों को किया जा रहा सेनेटाईज

कोरबा (चिन्तक)। कोरोना संक्रमण के प्रसार को देखते हुए नगर निगम केारबा का मैदानी अमला बस्ती, मोहल्लों, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों का भ्रमण कर लोगों को कोरोना संक्रमण के प्रति लगातार जागरूक कर रहा है, लोगों को समझाईश दी जा रही है कि वे घर से बाहर निकलने पर अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं तथा कोविड प्रोटोकाल का पालन करें। इसके साथ ही निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, वार्ड, बस्तियों में लगातार सेनेटाईजेशन का कार्य भी किया जा रहा है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला प्रशासन के साथ-साथ नगर निगम प्रशासन एलर्ट मोड पर आते हुए लोगों को कोरोना संक्रमण के प्रति जागरूक करने तथा संक्रमण के प्रसार को रोकने हेतु सभी एहतियाती कदम उठाने की दिशा में सक्रिय हो गया है। कलेक्टर मती रानू साहू एवं महापौर राजकिशोर प्रसाद के मार्गदर्शन तथा आयुक्त कुलदीप शर्मा के निर्देश पर निगम का मैदानी अमला वार्ड व बस्तियों में भ्रमण कर लोगों को निरंतर जागरूक कर रहा है, इस हेतु जोनवार टीमें गठित की गई हैं। इसके साथ ही लाउण्डस्पीकर के माध्मय से बाजारों आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों, बस्तियों, मोहल्लों में लगातार मुनादी भी कराई जा रही है। लोगो को समझाईश दी जा रही है कि वे घर से बाहर निकलने पर अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं, भीड़भाड़ वाली जगहों, बाजारों, दुकानों व सार्वजनिक स्थानों में सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्णत: पालन करें। सेनेटाईजेशन का कार्य जारी-निगम अमले द्वारा एक ओर जहाँ मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग तथा कोविड प्रोटोकाल का पालन करने की समझाईश लोगों को दी जा रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित

कटघोरा (चिन्तक)। रात के अंधेरे में कबाड़ चोरों ने छुरी में वंदना पावर प्लांट से लगे हाई टेंशन टावर के फुटिंग को काटने की कोशिश की, जिससे टावर गिरने की स्थिति में पहुंच गया। घटना की जानकारी मिलने पर आनन-फ ानन में विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारी और कटघोरा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। हाई टेंशन लाइन की बिजली की सप्लाई को रुकवाने के साथ मरम्मत का काम शुरू किया। बिजली सप्लाई बंद किए जाने से कोरबा जिले ग्रामीण क्षेत्र के साथ सरगुजा संभाग के चार जिले ङ्क अम्बिकापुर, बलरामपुर, कोरिया, सूरजपुर में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है।

हाईटेंशन लाइन के एंगल को चोरों ने बनाया निशाना

कोरबा (चिन्तक)। कोयला खदानों में कबाड़ की चोरी में लिप्त बदमाश अब हाईटेंशन लाइन के एंगल को निशाना बना रहे हैं। ग्राम सलोरा के समीप 400 केवी के बंद लाइन के टावर का एंगल अज्ञात बदमाशों ने काट दिया। इससे टावर झूक गया और उसके तार नीचे से गुजरी 220 केवी क्षमता की चालू लाइन की आर्थिंग तार से टकरा गई। ट्रांसमिशन कंपनी अमला सुधार कार्य में जुटा है। इस घटना से सरगुजा संभाग के चार जिलों व कोरबा के पालीए कटघोराए चैतमा एछुरी में भी आपूर्ति प्रभावित में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है।

पुलिस की कसावट के बाद क्षेत्र में डीजलए कबाड़ की चोरी पर अंकुश लग गया

कई जिलों में बिजली सप्लाई बंद

था पर अब पुन: चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। चोरों के मध्य आपसी प्रतिस्पर्धा बढ़ गईए इससे उनमें विवाद भी होने लगा है। ऐसी स्थिति में चोर अब खदान को छोड़ बाहर भी चोरी करने लगे हैं। डीजल चोरों के हौसले भी इतने बढ़ गए हैं कि कोयला खदान में चोरी करने के बाद अब रेलवे के इंजन से डीजल चोरी करने लगे हैं। इसी तरह कबाड़ चोरी करने अब बिजली खंभो को निशाना बनाया जा रहा है। इससे बिजली बंद होने का असर आमजनों पर पड़ रहा है। रविवार को विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी ;पारेषण कंपनी का मैदानी अमला पेट्रोलिंग के लिए निकला था। इसी दौरान ग्राम सलोरा के पास वंदना पावर प्लांट की बंद 400 केवी लाइन के टावर को झुका हुआ दिखा और उसका तार नीचे से गुजरे 220 केवी लाइन के अर्थिंग तार से टकरा रहा था। अप्रिय स्थिति निर्मित होती, इसके पहले ही अनुमति लेकर लाइन बंद करने की प्रक्रिया शुरू की गई। शाम चार बजे बिजली सप्लाई बंद की गई। इसके साथ ही आवश्यक सुधार कार्य आरंभ किया गया। बताया जा रहा है कि सरगुजा संभाग के विश्रामपुर, सूरजपुर, बलरामपुर. प्रतापपुर क्षेत्र में बिजली सप्लाई बाधित हो गई है और शाम चार बजे पूरा क्षेत्र ब्लेक आउट हो गया। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं पर ज्यादा असर न पड़े, इसलिए कटौती कर क्षेत्र अनुसार बिजली सप्लाई की जा रही है।

लोन लेने के लिए ITR बनवाए मात्र 500/- रू. में

जी.एस.टी. रिटर्न	FOOD लायसेंस
इनकम TAX फाईल	MSME रजिस्ट्रेशन
TDS रिफन्ड	प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस	डिजिटल सिगनेचर

सम्पर्क- शेखर गुप्ता WWW.ONLYTDS.COM

हमारे TAX EXPERT आपकी मदद करने हेतु तैयार

9300755544, 8878655544

नक्सली और पुलिस के बीच मुठभेड़, पुलिस जवान घायल

गरियाबंद (चिन्तक)। गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना अन्तर्गत आज नक्सलियों और गरियाबंद पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। नक्सलियों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में एक पुलिस जवान को गोली लगी। घटना आज सुबह 6 बजे के आसपास की बताई जा रही गरियाबंद पुलिस और एस टी एफके जवानों के बीच आमामोरा ओड ताराझर के पहाड़ के ऊपर मुठभेड़ हो गई है।ि

ाायल जवान को मैनपुर स्वास्थ्य स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा घायल जवान की प्रारंभिक उपचार के बाद घायल जवान को भाठीगढ़ स्थित मैदान लाया गया जहां घायल जवान को सेना के हेलीकॉप्टर से रायपुर अस्पताल के लिए रिफर किया गया। गोली जवान के पेट मे लगी और पेट की आर पार हो गई।नया साल में यह नक्सलियों के बीच पहली बड़ी घटना है वही घटना के बाद गरियाबंद पुलिस अधीक्षक जे आर ठाकुर, उपपुलिस अधीक्षक चन्द्रेश ठाकुर सहित जिले के पुलिस विभाग के सभी आला अधिकारियों मैनपुर भाठीगढ़ स्थित स्टेडियम पहुच गए है।

राजधानी में बढ़ते कोरोना के आंकड़े ने बढ़ाई चिंता

रायपुर/बिलासपुर (चिन्तक)। छत्तीसगढ़ में कोरोना के मामलों में लगातार बढ़त का आज चौथा दिन है। इन चार दिनों में औसत 250 का आ गया है, तो एक्टिव मरीजों की संख्या 1300 के करीब पहुंच गई है। राजधानी रायपुर में रविवार को जहां 90 नए मरीज सामने आए हैं, तो बिलासपुर में आंकड़ा 50 के पार निकला है।

रायगढ़ हुआ पीछ

कोरोना के लिए हॉट स्पॉट बने रायगढ़ के लिए रविवार राहत भरा रहा, क्योंकि वहां पर केवल 32 नए मरीज ही मिले हैं, तो दूसरी तरफकोरबा में एक साथ 40 नए मरीजों के मिलने से हड़कंप की स्थिति बन गई है। रविवार को प्रदेश में 290 नए मरीज सामने आए हैं, लेकिन किसी की मौत नहीं हुई है, यह



गनीमत है।

छत्तीसगढ़ में सप्ताहभर पहले तक की स्थिति पर गौर किया जाए तो एक्टिव मरीजों की संख्या 400 के नीचे ही थी, लेकिन महज चार दिनों के भीतर यह आंकड़ा 1273 पहुंच गया है। सीधे मायने में देखा जाए तो रोज मिलने वाले नए मरीजों की औसतन संख्या 200—250 हो गई है। प्रदेश में जिस तेजी से कोरोना ने पांव पसारना शुरु कर दिया है, उसे भविष्य के लिहाज से अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता।

नए मरीजो का मिलना चिंताजनक

प्रदेश में अभी तक 'ओमिक्रान' की दस्तक नहीं हुई है, इसके बावजूद इस बड़ी तादाद में कोरोना के नए मरीजों का मिलना बेहद गंभीर है। लिहाजा प्रदेश के लोगों से अपील की जा रही है कि एक बार फिर मुसीबत मोलने से बेहतर है, संयमित रहते हुए इस कठिन समय को निकालें। खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों की मदद करें।

BARMECHA ELEVATORS

Best Product..... Best Service.....

BARMECHA ELEVATORS

C/o. Kamla Motors, G.E. Road, Ganjpara, Durg (C.G.)

Cont. : +91 90398 79080 Email : barmechatex@gmail.com

श्री खाटू श्याम ज्योतिष

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान

व्यापार बढ़ोत्तरी, किया कराया, शादी के लिए माता पिता को मनाना, मोहनी स्पेशलिस्ट

पं. रविकांत शर्मा

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

''ज्योतिष मेरा काम नही, मेरी साधना है''

दीपावली बुकिंग के लिए संपर्क करें

: बुकिंग समय :
सुबह 9.00 बजे से
सुबह 10.00 बजे तक

: मिलने का समय :
सुबह 10.00 बजे से
शाम 6.00 बजे तक

नोट : मिलने के लिए अपाईटमेंट लेना आवश्यक है

''जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान''

पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Mobile : 9755964567, 8269882138

मृत्यु के बाद व्यक्ति को जीवित बताकर

लाखों रूपए की जमीन फर्जी तरीके से बेची

विभाग की लापरवाही या मिली भगत

रायपुर (चिन्तक)। राजधानी में मृत व्यक्ति के नाम से फर्जी पावर आफअटार्नी बनाकर जमीन बेचने का मामला सामने आया है। दरअसल लाभांडी में राजेश कुमार चौधरी की 10 हजार 440 स्क्वेयर फीट जमीन थी जिसे किसी अज्ञात शख्स ने फर्जी मुख्तारनामा (पावर ऑफ अटार्नी) बनाकर एक महिला को बेच दिया। हालांकि प्रार्थी राजेश चौधरी ने उक्त मामले की शिकायत विभाग के अधिकारियों से की है। साथ ही तेलीबांधा थाने में भी इसकी शिकायत की है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। ये है मामला : अप्रैल 2021 में प्रार्थी राजेश कुमार चौधरी के पिता की मृत्यु के बाद सितंबर 2021 में अज्ञात शख्स ने फर्जी पावर ऑफअटार्नी तैयार कर नवंबर 2021 में उक्त जमीन का सौदा कर दिया। इसके बाद 15 दिन के भीतर ही नामांतरण भी करा लिया। हालांकि पूरे में मामले में विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है।

आयोजनों और साभाओं पर रोक लगाने के निर्देश

रायपुर (चिन्तक)।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा की। इस बैठक में सीएम भूपेश बघेल ने कोरोना के बढ़ते मामलों पर सभी जिलों को अलर्ट रहने कहा है। वही रोजाना जांच की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए है। अस्पतालों में सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने कहा। सभी जगहों पर कोविड अनुकूल व्यवहारों का कड़ाई से पालन करवाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है, हम निश्चित रूप से तीसरी लहर की ओर बढ़ रहे हैं। कोरोना के मामले तेजी से बढ़ेंगे।